कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं. 1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद -500 009
**OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS**
No.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD-500009

दूरभाष/TELE: 040-27843385 फैक्स/FAX:040-27817275

सं. हि0क0/2158/न.रा.भा.का.स. दिनांक/Dated: 29.08.2017

| | |
|---|---|
| सेवा में, | To |
| सभी अधीनस्थ कार्यालय | All Sub-offices |
| (वे.ले.का. सहित) | (including PAOs) |
| (स्थानीय) | (Local) |

विषय: नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का.-3), हैदराबाद की छमाही बैठक - मुख्य अंशों के संबंध में ।

Sub : Half-Yearly Meeting of Town Official Language Implementation Committee(Off-3), Hyderabad - Main points - reg.

******

जैसा कि आप जानते हैं, रक्षा लेखा नियंत्रक, सिकंदराबाद नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (हैदराबाद-सिकंदराबाद) का सदस्य है । राजभाषा विभाग द्वारा कुछ समय पहले लिए गए निर्णयानुसार नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (हैदराबाद-सिकंदराबाद) को चार भागों में बाँटा गया और प्रत्येक समिति को कुछ सदस्य कार्यालयों में राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन को मोनीटर करने की ज़िम्मेदारी सौंपी गई । इसी क्रम में इस कार्यालय को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का.-3), हैदराबाद के अधीन लाया गया जो अब सी.एस.आई.आर. - राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (CSIR-NGRI), उप्पल रोड, हैदराबाद द्वारा संचालित किया जा रहा है । हाल ही में उक्त समिति की बैठक आयोजित की गई । यह बैठक दिनांक 26.07.2017 को प्रात: 10.00 बजे राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (NGRI), के एस.बी. हॉल में डॉ. वी.एम. तिवारी, निदेशक, सी.एस.आई.आर. - राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (CSIR-NGRI) की अध्यक्षता में आयोजित की गई। नराकास के अध्यक्ष महोदय ने निर्णय लिया कि प्रत्येक बैठक में किसी एक सदस्य कार्यालय के अध्यक्ष को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाए । इसी क्रम में वर्तमान बैठक में इएसएसओ - भारतीय राष्ट्रीय महासागर सचूना सेवा केंद्र (ESSO-INCOIS), हैदराबाद के निदेशक डॉ. सतीश सी. शेनॉय को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया । बैठक के दौरान चर्चा किए गए मुख्य विषयों और लिए गए निर्णयों को सभी की सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु परिचालित किया जाता है :-

As you are aware, CDA, Secunderabad is a member of Town Official Language Implementation Committee (Hyderabad-Secunderabad). Some time ago, the Department of Official Language decided to bifurcate the Town Official Language Implementation Committee (Hyderabad-Secunderabad) into four committees and each committee was given the responsibility of monitoring effective implementation of Official Language Policy in a few member offices. In this connection, this office has been brought under Town Official Language Implementation Committee (Off.-3) which is now being maintained by CSIR- NGRI, Hyderabad. The half-yearly meeting of the said committee was held recently. The meeting was held on 26.07.2017 at 1000 hrs at the SB Hall of CSIR- NGRI, Hyderabad and was chaired by

Dr. V.M. Tiwari, Director, CSIR- NGRI, Hyderabad. A decision was taken by the Chariman of the TOLIC that Head of a member office may be invited as Chief Guest of every TOLIC meeting. Accordingly, for the present meeting, Director of ESSO-Indian National Centre for Ocean Information Service (INCOIS), Hyderabad Dr. Satish C. Shenoy was invited as the Chief Guest. The main subjects discussed during the meeting and the decisions taken are being circulated for information and necessary action.

(1) सभी सदस्य कार्यालयों से अनुरोध किया गया कि वे धारा 3(3) का अनिवार्य अनुपालन सुनिश्चित करें ।

All the member offices were requested to ensure compliance of Section 3(3) without fail.

(2) सभी सदस्य कार्यालयों से अनुरोध किया गया कि वे अपने कार्यालयों में हिंदी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिंदी में दिया जाना सुनिश्चित करें ।

All the member offices were requested to ensure to reply in Hindi to letters received in Hindi in their offices.

(3) सभी सदस्य कार्यालयों से अनुरोध किया गया कि वे प्रत्येक तिमाही में हिंदी कार्यशाला के आयोजन को सुनिश्चित करें ।

All the member offices were requested to ensure conducting of Hindi Workshop in every quarter.

(4) सभी सदस्य कार्यालयों से अनुरोध किया गया कि वे प्रत्येक तिमाही में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के आयोजन को सुनिश्चित करें तथा यह बैठक तिमाही की समाप्ति से पूर्व ज़रूर बुला ली जानी चाहिए ।

All the member offices were requested to ensure conducting of meeting of OLIC in every quarter and to see that the meeting is conducted before the end of the quarter.

(5) अपने संबोधन में नराकास के अध्यक्ष श्री वी.एम. तिवारी, निदेशक, एन.जी.आर.आई. ने हिंदी भाषा, टंकण/आशुलिपि प्रशिक्षण, हिंदी पदों का सृजन, द्विभाषी वेबसाइट, हिंदी ई-टूल्स/साफ्टवेयरों तथा ई-मेल का अधिकाधिक प्रयोग, राजभाषा पत्रिकाओं का प्रकाशन, राजभाषा संगोष्ठियों का आयोजन आदि बिंदुओं पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए । राजभाषा विभाग से हिंदी प्रशिक्षण वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से दिए जाने के संबंध में प्राप्त पत्र के संबंध ने नराकास के अध्यक्ष में बताया कि इस सुविधा को एन.जी.आर.आई. की तरफ से सदस्य कार्यालयों के लिए उपलब्ध कराया जा सकता है । नराकास पत्रिका के प्रकाशन की संबंध में अध्यक्ष महोदय ने कहा कि सभी सदस्य कार्यालयों को अपने-अपने कार्य क्षेत्र का विवरण देते हुए एक लेख के रूप में इस पत्रिका के प्रकाशन में योगदान देना होगा ।

In his address, the Chairman Shri V.M. Tiwari, Director, NGRI gave important suggestions on Hindi Language/Typing/Shorthand Training, Creation of Hindi Posts, Bilingual Website, Maximum use of Hindi E-tools/Softwares and E-mail, Publication of Official Language Magazines, Organising Official Language Seminars etc. A letter received from Dept. of OL regarding imparting Hindi Training through Video Conferencing was brought upon during the meeting for which the

Chairman of TOLIC told that the member offices can avail this facility through NGRI. As regards publication of TOLIC magazine, the Chairman said that all member offices should contribute in publication of this magazine by giving inputs regarding their office work area in the form of an article.

(6) डॉ. (श्रीमती) कौशल्या, प्रभारी, हिंदी शिक्षण योजना, हैदराबाद ने सदस्य कार्यालयों से अनुरोध किया कि वे पारंगत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में अपने कार्यालय में सेवारत अधिकारियों/कर्मचारियों को नामित करें ।

Dr. (Smt.) Kaushalya, Incharge, Hindi Teaching Scheme, Hyderabad has requested all member offices to nominate officers/staff serving in their offices in the Hindi Parangat training course.

(7) सभी सदस्य कार्यालयों से अपील की गई कि समिति की गतिविधियों के लिए रु. 2500/- प्रति कार्यालय के दर से वार्षिक अंशदान दिया जाए ।

An appeal was made to all member offices to pay an annual subscription of Rs. 2500/- per office for various activities of the committee.

आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त सभी निदेशों को अनुपलान हेतु नोट करें और संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में सहयोग प्रदान करें । You are requested to note the above directions for compliance and co-operate in implementation of the Official Language Policy of the Union.

ग्रूप अधिकारी (प्रशा) ने देख लिया है / GO (AN) has seen.

(पी.एस.वी. नागेंद्र कुमार)
वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा)